>

Title: Need to extend hassle free loan facility to Small & Marginal farmers in Siwan Parliamentary Constituency of Bihar through Kisan Credit Card.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान): भारत सरकार ने किसानों को वित्त व्यवस्था प्रदान करने, साहूकारों के शोषण से मुक्त कराने एवं किसानों को अपने खेतों में खाद्यान्न की पैदावार बढ़ाने हेतु समय पर आवश्यक सामग्री जुटाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दिए जाने की शुरूआत की है। मेरे संसदीय क्षेत्र सिवान जिले में इस व्यवस्था से किसानों को वित्तीय सुविधा तो मिल रही है, परन्तु इसके लिए कोई सिस्टम नहीं है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त करने के लिए बैंकों के कई चक्कर काटने पड़ते हैं तथा कई कठिन औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है। सीमांत एवं छोटे किसान वर्ग को किसान क्रेडिट कार्ड नहीं मिल पाये हैं और मिल भी गये तो उन बैंकों से ऋण की सुविधा नहीं मिल पा रही है। साथ ही कृषि फसल बीमा योजना से जो प्रीमियम मिलता है, वह किसान क्रेडिट कार्ड धारक को समय पर नहीं मिल पाता है एवं किसानों को समय पर अपने कृषि कार्य के लिए आवश्यक बीज, खाद एवं अन्य सामग्री जुटाने में अनेकों दिक्कतें उठानी पड़ती हैं।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिवान जिले में किसान क्रेडिट कार्ड संबंधित कार्यों एवं इससे मिलने वाले ऋणों के कार्यों की समीक्षा की जाये और इसके लिए सार्थक ढंग से सिस्टम बनाया जाये, जिससे किसान को फायदा मिल सके।